# जीबी रोड से महिला रेस्क्यू करवाई, मैनेजर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एएचटीयू टीम ने दिल्ली के रेड लाइट एरिया (जी.बी. रोड) से मानव तस्करी और वेश्यावृत्ति की शिकार एक महिला को बचाया है। पीड़िता को नौकरी दिलाने के नाम पर करीब तीन महीने पहले दिल्ली लाया गया था और उसके बाद उसे जबरन वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया। पुलिस ने कोठे के मैनेजर को भी मौके से गिरफ्तार किया है।

डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार 35 वर्षीय महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर उसे दिल्ली लाकर उसका परिवार के सदस्यों से संपर्क काट दिया गया था। लगभग 10 दिन पहले पीड़िता ने अपने भाई को फोन किया और अपनी पीड़ा सुनाई। पीड़िता के भाई ने मिशन मुक्ति फाउंडेशन नामक एनजीओ के माध्यम से एनएचआरसी को मामले की सूचना दी। एनएचआरसी ने क्राइम ब्रांच को सूचना पर काम करने और बचाव अभियान की योजना बनाने का निर्देश दिया। इसके बाद छापेमारी की गई और पीड़ित महिला को कोठे से बरामद किया गया। पूछताछ से पता चला है कि पीड़िता ने कक्षा 5वीं तक पढ़ाई की है और छह भाई-बहनों में सबसे छोटी है। वह गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। करीब पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। हालांकि एक साल पहले पति ने तलाक दे दिया था। उसके बाद वह पश्चिम बंगाल में घरेलू नौकरानी के रूप में काम करने लगी। जनवरी 2025 में एक महिला उसे काम दिलाने के नाम पर दिल्ली ले आई और फिर उसे दिल्ली के रेड-लाइट एरिया में बेच दिया।

## प्रॉपर्टी डीलर को धमकाने के लिए लाइसेंसी बंदूक का दुरुपयोग करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

एजेंसी नई दिल्ली। दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में जमीन विवाद को लेकर एक प्रॉपर्टी डीलर को धमकाने के लिए लाइसेंसी बंदूक का कथित तौर पर दुरुपयोग करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान पंकज राणा उर्फ गोलू (32) और प्रवीण राणा उर्फ कालू (38) के रूप में हुई है। दोनों सिरसपुर के रहने वाले हैं और उनके पास से झगड़े के दौरान इस्तेमाल की गई दो लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद की गई हैं। मामला 26 मार्च को तब प्रकाश में आया जब प्रॉपर्टी डीलर अखिलेश तिवारी (36) ने समयपुर बादली थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि सिरसपुर गांव में एक संपत्ति खरीदने के बाद उसे दिलबाग राणा उर्फ बिल्लू नामक एक व्यक्ति ने धमकी दी है। अधिकारी ने बताया कि बिल्लू ने संपत्ति तक पहुंच देने के लिए तिवारी से कथित तौर पर तीन करोड़ रुपये मांगे और जब उसने इनकार कर दिया तो राणा और उसके हथियारबंद साथियों - गोलू और कालू - ने कथित तौर पर उससे झगड़ा किया और उनमें से एक ने गोली चला दी।

### कई और लोग अभी पुलिस के रडार पर

# बैंक लोन धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने संगठित तरीके से जालसाजी और बैंक धोखाधड़ी रैकेट में शामिल एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुरेश कुमार (45) ने कई मृतकों के जाली संपत्ति दस्तावेज बनाकर करोड़ों रुपये के बैंक लोन प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मामले में कई और लोग अभी पुलिस के रडार पर है। पुलिस के अनुसार 4 जुलाई 2015 को सोनल जैन पत्नी स्वर्गीय महेंद्र कुमार जैन की शिकायत पर सरिता विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप लगाया गया था कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने शालीमार बाग में उनके फ्लैट के जाली संपत्ति दस्तावेज तैयार किए और उक्त दस्तावेजों को सिक्युरिटी के रूप में जमा कर कॉरपोरेशन बैंक, आली गांव से 3.2 करोड़ रुपये की ओवरड्राफ्ट सुविधा प्राप्त कर ली। जांच के दौरान पता चला कि महेंद्र कुमार जैन के नाम पर जमा किए गए सभी दस्तावेज जाली थे, क्योंकि उनकी मृत्यु 2011 में हो चुकी थी। तमाम कोशिशों के बावजूद धोखाधड़ी से लोन लेने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई। लोन देने के लिए इस्तेमाल किए गए बैंक खाते भी जाली पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल करके खोले गए थे। जाली दस्तावेजों को फिंगरप्रिंट ब्यूरो, अपराध शाखा, कमला मार्केट में फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा गया। रिपोर्ट ने पुष्टि की कि जाली दस्तावेजों पर पाए गए दो अंगूठे के निशान सुरेश कुमार पुत्र भगवत प्रसाद निवासी नंद नगरी के फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड से मेल खाते हैं। 45 वर्षीय सुरेश कुमार एक साइबर कैफे चलाता था और जालसाजी व फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से बैंक लोन घोटाले सहित कई वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल रहा है। उसका आपराधिक गतिविधियों का इतिहास रहा है और उसे पहले भी धारा 420, 467, 468, 471 और 120बी आईपीसी के तहत कई ईओडब्ल्यू और सीबीआई मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। वर्तमान मामले को छोड़कर सभी मामलों में उसके खिलाफ आरोप पत्र भी दायर किये जा चुके हैं। दिल्ली की विभिन्न अदालतों में मुकदमें लंबित है। वह 18 मामलों में शामिल पाया गया, जिनमें 13 सीबीआई के शामिल हैं। पूछताछ के दौरान इसने धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए जाली संपत्ति दस्तावेज बनाने की बात कबूली है। इसके खुलासे के आधार पर सह-आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# 2024-25 में सामान्य शिक्षा पर बजट का 50 फीसदी खर्च करने में 'फेल' रहा शिक्षा विभाग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली की पिछली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने शिक्षा पर अपने कुल वार्षिक बजट का 25 फीसदी खर्च करने का दावा किया था लेकिन शिक्षा निदेशालय पिछले वर्ष सामान्य शिक्षा के लिए आवंटित बजट का 50 फीसदी पैसा भी खर्च कर पाने में नाकाम रहा। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन में यह जानकारी सामने आई है। शिक्षा निदेशालय मुख्यतः तीन मदों -सामान्य शिक्षा, दिल्ली नगर निगम के तहत आने वाले विद्यालयों और खेलों पर खर्च करता है। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दिल्ली सरकार ने 2024-25 में शिक्षा निदेशालय के लिए अनुमानित बजट के रूप में कुल 4335.08 करोड़ रुपये आवंटित किये थे, जिसे बढ़ाकर 4836.41 करोड़ रुपये कर दिया गया लेकिन विभाग इसमें से सिर्फ 2818.23 करोड़ रूपये ही खर्च कर पाया। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिक्षा निदेशालय को 2024-25 में सामान्य शिक्षा के लिए 2703.12 करोड़ रुपये का बजट प्राप्त हुआ लेकिन इसमें से वह सिर्फ 1267.87 करोड़ रुपये ही खर्च कर सका जो 50 फीसदी से भी कम है। आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों के लिए प्राप्त 2085.01 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन में से शिक्षा विभाग ने जरूर 1523.33 करोड़ रुपये खर्च किये। स्कूली विद्यार्थियों को खेल के लिए संसाधन मुहैया कराने वाले बजट का भी विभाग पूरा इस्तेमाल करने में विफल साबित हुआ। शिक्षा निदेशालय को खेल के लिए 48.28 करोड़ रुपये आवंटित किये गए थे लेकिन खर्च सिर्फ 18.02 करोड़ रुपये किये गये। शिक्षा निदेशक से जब इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने इस मुद्दे पर मिलने से इनकार कर दिया। 'ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने कहा कि सामान्य शिक्षा पर बजट का 50 फीसदी पैसा खर्च न कर पाना शिक्षा विभाग के 'निक्कमेपन' को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में करीबन 17 लाख बच्चे पढ़ते हैं और ज्यादातर बच्चे गरीब तबके से आते हैं। सामान्य शिक्षा पर बजट का आधा पैसा भी खर्च न कर पाना कहीं न कहीं इन स्कूली बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। गैर सरकारी संगठन 'लोकतान्त्रिक अध्यापक मंच' की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष कृष्ण कुमार फौगाट ने कहा कि ज्यादातर चीजें हवा हवाई ही रहीं और धरातल पर कुछ काम नहीं हुआ। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 2014 से 2019 तक दिल्ली सरकार ने शिक्षा निदेशालय को 13,425.64 करोड़ रुपये आवंटित किये, जिसमें से विभाग ने 11892.23 करोड़ रुपये खर्च किये थे। इसी प्रकार दिल्ली सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 2019 से 2024 तक शिक्षा निदेशालय को 24,349.18 करोड़ रुपये आवंटित किये और विभाग 20,762.39 करोड़ रुपये खर्च करने में सफल रहा। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शिक्षा निदेशालय शहर के सरकारी विद्यालयों में मुफ्त पुस्तकों से लेकर स्कूल की वर्दी, कंप्यूटर लैब, शिक्षकों को पुरस्कार, विद्यालयों में पुस्तकालय के लिए पुस्तकें खरीदने जैसी 79 मदों पर पैसा खर्च करता है।

# भगवान महावीर का जीवन और उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए प्रकाशपुंज : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ महावीर जयंती पर दिल्ली विधानसभा में भव्य आयोजन

दिल्ली विधानसभा में रविवार को भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक एवं 2550वें निर्वाण महोत्सव के पावन उपलक्ष्य पर एक भव्य आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भगवान महावीर गाथा' का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भगवान महावीर का जीवन और उनकी शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाश पुंज हैं। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता जी को 'कर्मयोगी सम्मान' से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में विजेंद्र गुप्ता ने मुनि महाराज को राजकीय अतिथि के दर्जा से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। जैन समाज के अनेक विशिष्टजन तथा श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्र संत श्री 108 प्रज्ञा सागर जी मुनिराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों-अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अनेकांतवाद, पर प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है, जब समाज को शांति, सहिष्णुता और करुणा की अत्यधिक आवश्यकता है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि महावीर गाथा जैसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम मिलता है। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि मानवीय और सामाजिक विकास का आधार है। हमें उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर एक शांतिपूर्ण और समरस समाज की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने आयोजन समिति भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति एवं सकल जैन समाज दिल्ली को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और यह आश्वासन भी दिया कि दिल्ली विधान सभा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को पूर्ण समर्थन देती रहेगी। कार्यक्रम के उपरांत विशेष वात्सल्य भोज की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें सभी अतिथियों ने सहभागिता की।

# हत्या में दो महीनों से फरार चल रहा आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ धारा 94 बीएनएसएस के तहत प्रक्रिया पहले ही जारी की जा चुकी है। यह पिछले दो महीनों से फरार था। पकड़े गये आरोपी का नाम अंकुर (33) निवासी पदम नगर, सराय रोहिल्ला है।

पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को एसआई हितेश भारद्वाज को आरोपी अंकुर के ठिकाने के बारे में जानकारी मिली थी। इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर अजय शर्मा की देखरेख में टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई की और उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित लोनी से अंकुर को गिरफ्तार कर लिया। शुरू में अंकुर ने हत्या के मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। हालांकि, लगातार पूछताछ के दौरान उसने गणतंत्र दिवस की रात को हुई सनसनीखेज हत्या में शामिल होने की बात कबूल ली। उसने खुलासा किया कि उसकी मां ने लगभग एक साल पहले अपने पड़ोसी लखन को 50 हजार रुपये का कर्ज दिया था। बार बार अनुरोध करने के बावजूद लखन पैसे वापस नहीं कर रहा था। 25/26 जनवरी की रात को अंकुर अपने भाइयों रोहन और अंकित के साथ लखन से भिड़ गया। लखन पर चाकू से कई वार किए थे। रोहन को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि अंकुर और अंकित पिछले दो महीनों से फरार थे।

# अदालत ने दो व्यक्तियों को नाबालिग के यौन उत्पीड़न के आराप से किया बरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने 17 वर्षीय नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी दो लोगों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुनीश गर्ग ने दो महिलाओं को भी आपराधिक रूप से धमकाने, जबरन घर में घुसने और लड़की को जानबूझकर चोट पहुंचाने के आरोप से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि कथित पीड़िता और उसकी मां अपने बयान से पलट गईं। अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले को पूरी तरह से नकार दिया। अदालत के 25 फरवरी के आदेश की प्रमाणित प्रति 10 मार्च को उपलब्ध कराई गई। उसमें कहा गया है कि मुख्य गवाहों- - नाबालिग और मां ने आरोपियों के साथ (नाबालिग की मां) तीखी नोकझोंक के बारे में बयान दिया था, जिसके बाद कथित घटना की तारीख पर कुछ पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था। अदालत ने कहा, ''हालांकि, जहां तक घर में जबरन घुसने, यौन उत्पीड़न, मारपीट और आपराधिक धमकी के आरोपों का सवाल है, तो किसी भी महत्वपूर्ण गवाह (नाबालिग और उसकी मां) ने आरोपियों के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा। अदालत ने कहा कि लड़की ने तो आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया था लेकिन शिकायत में उसका बयान उसके एनजीओ के एक व्यक्ति द्वारा लिखा गया था, जिस पर उसने अनजाने में हस्ताक्षर कर दिए थे। अदालत ने कहा कि आरोपी नाबालिग के रिश्तेदार थे और संयुक्त परिवार के तौर पर उसी इमारत में रहते थे। उसने कहा कि उनके बीच पारिवारिक विवाद था। अदालत ने कहा कि जिरह के दौरान लड़की ने इस बात से इनकार किया कि उसे पीटा गया, धमकाया गया या उसका यौन उत्पीड़न किया गया। चारों आरोपियों को बरी करते हुए अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपने मामले को उचित संदेह से परे जाकर साबित करने की बुनियादी परीक्षा में विफल रहा है। शिकायत के अनुसार, मई 2019 में, दो लोग लड़की के कमरे में घुस आए थे जब वह नहाने जा रही थी। दोनों ने उसके सिर पर पिस्तौल रख दी, उसे चाकू दिखाकर धमकाया, जबरन उसके कपड़े उतारे, उसका निर्वस्त्र वीडियो बनाया और वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

## वजीराबाद पुलिस मालखाने में लगी आग, सैंकड़ों वाहन जलकर खाक



नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वजीराबाद में रविवार तड़के पुलिस मालखाने में आग लग गई। इस वजह से सैंकड़ों वाहन खाक हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि सात गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार तड़के करीब साढ़े चार बजे वजीराबाद मालखाने में आग लगी थी। आग बुझाने के लिए दमकल की सात गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और सुबह करीब छह बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। घटनास्थल पर कूलिंग का कार्य हालांकि बाद में भी चलता रहा। इस घटना में 345 गाड़ियां आग की चपेट में आकर खाक हो गई। इनमें 260 स्कूटी और मोटरसाइकिल व 85 कार शामिल बताई गई है। गौरतलब है कि गुरुवार को नेहरू प्लेस में भी पुलिस मालखाने में आग लग गई थी। करीब 50 वाहन आग में जलकर खाक हो गये थे। राहत की बात यह रही कि दोनों ही घटनाओं में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

### धूमधाम से मनाई श्री राम नवमी, भक्तों पर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा

# एलजी ने श्रीराम को बताया सत्य, धर्म, कर्तव्य का प्रतीक, सीएम रेखा हुईं यात्रा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में रविवार को जहां एक तरफ श्री रामनवमी धूमधाम से मनाई गई, वहीं दूसरी तरफ नवम नवरात्र के दिन मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना व कन्या पूजन के साथ नवरात्रि महापर्व का समापन हो गया। इस अवसर अलग अलग जगहों पर भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित शोभा यात्राएं आदि निकाली गई, जिसमें भक्तों के ऊपर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई। इस मौके पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का आदर्श जीवन हमें सत्य धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा देता रहा है। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ख्याला क्षेत्र में रामनवमी पर निकाली गई एक शोभायात्रा में शामिल हुई, जहां भक्तों के ऊपर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की गई। इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री रामचंद्र का वनवास खत्म होने में 14 साल लगे थे, लेकिन दिल्ली के लोगों वनवास खत्म होने में पूरे 27 लग गए है। भाजपा विकास के लिए दिल्ली में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सीएम ने कहा कि भगवान श्रीराम के दिखाए आदर्श आज ज्यादा सार्थक हो गए है। उनके दिखाए सत्य व कर्म करने के मार्ग को अपनाने की सख्त जरूरत है। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी के मौके पर लोगों ने मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना व कन्या पूजन किया और लगातार 8 दिन से चल रहा उपवास खोला। नवरात्रि के अंतिम दिन भी दिल्ली के अधिकांश माता के बड़े मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों भारी भीड़ लगी रही। नवरात्रि के अंतिम दिन व श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में राजधानी में सैंकड़ों जगह श्रद्धालुओं ने विशाल भडणरों को आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिन । बड़े मंदिरों में शामिल प्राचीन शक्तिपीठ श्री कालका जी मंदिर, कालका, झंडेवाली बद्री भक्त देवी मंदिर, छतरपुर स्थित मां कात्यायनी मंदिर, प्रीत विहार स्थित गुफा वाला मंदिर, हरिनगर उषा माता मंदिर, रोहिणी मां काली मंदिर आदि में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।

## रामनवमी पर लगाई छबील



नई दिल्ली। रामनवमी के अवसर पर मंडावली में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भगवान राम, लक्ष्मण और सीता जी की झांकी के साथ हनुमान जी की झांकी शामिल थी। शोभायात्रा में सैंकड़ों लोग शामिल हुए। इस शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प की वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं राजेश जयसवाल ने मीठे शर्बत की सबील लगाकर शोभा यात्रा में शामिल लोगों को मीठा शर्बत पिलाया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति राजेश जयसवाल, सोनू जयसवाल, मदन शर्मा, विकल बंसल,राजू हलवाई, जीतू आदि लोगों ने अपनी सेवा दी।

## चांदनी चौक के गौरी शंकर मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना की

नई दिल्ली। दिल्ली के चांदनी चौक में गौरी शंकर मंदिर में भक्तों ने चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन 'रामनवमी' के अवसर पर पूजा-अर्चना की। यहां आए भक्तों ने कहा कि मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वह खुद को धन्य महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। हम रामनवमी का त्योहार खुशी और उल्लास के साथ मनाते हैं।'' एक अन्य भक्त ने कहा कि मैंने गौरी शंकर का आशीर्वाद लिया और मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। राम नवमी के अवसर पर नई दिल्ली के झंडेवालान मंदिर में सुबह की आरती की गई। नवरात्रि, जिसका संस्कृत में अर्थ है नौ रातें, एक हिंदू त्योहार है जो देवी दुर्गा और उनके नौ अवतारों का उत्सव मनाता है, जिन्हें सामूहिक रूप से नवदुर्गा के रूप में जाना जाता है। हिंदू पूरे वर्ष में चार नवरात्रि मनाते हैं, लेकिन केवल दो- चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि-व्यापक रूप से मनाए जाते हैं, क्योंकि वे ऋतुओं के परिवर्तन के साथ मेल खाते हैं। भारत में, नवरात्रि विभिन्न रूपों और परंपराओं में मनाई जाती है। नौ दिवसीय उत्सव, जिसे राम नवरात्रि के रूप में भी जाना जाता है, रामनवमी पर समाप्त होता है, जो भगवान राम के जन्मदिन का प्रतीक है।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया ध्वजारोहण

# प्रदेश कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 46वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



1980 में स्थापित भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। 27 वर्ष के लम्बे संघर्ष के बाद दिल्ली में आई भाजपा सरकार के चुने जाने के कुछ दिन बाद आये भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया और तत्पश्चात मंच पर दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम को वीरेन्द्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबोधित किया और कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस पर बधाई दी और प्रदेश कार्यालय में कार्यरत सभी 38 कर्मचारियों का चुनाव प्रचार के दौरान तन्मयता से किए कार्य के लिए अभिनंदन किया। समारोह मंच पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन शर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट एवं मुख्य सचेतक अभय वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा आदि उपस्थित रहे। वहीं भाजपा की स्थापना दिवस पर पूरी दिल्ली में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में पश्चिम दिल्ली जिला भाजपा के कार्यक्रम को राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने, शाहदरा जिला के कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने, नवीन शाहदरा जिला के कार्यक्रम को संगठन महामंत्री पवन राणा ने, मयूर विहार जिला के कार्यक्रम को केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने, उत्तर पूर्व जिला के कार्यक्रम को सांसद मनोज तिवारी ने, दक्षिण दिल्ली जिला कार्यक्रम को सांसद श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने, उत्तर पश्चिम जिला के कार्यक्रम को सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने, नजफगढ़ जिला कार्यक्रम को सांसद कमलजीत सहरावत ने, करोल बाग जिला कार्यक्रम को सांसद बांसुरी स्वराज ने, चांदनी चौक जिला कार्यक्रम को सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने, केशवपुरम जिला कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने, नई दिल्ली जिला कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने, महरौली जिला कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री सारिका जैन ने और बाहरी दिल्ली जिला कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता नरेश वशिष्ठ ने सम्बोधित किया।

### कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही दिल्ली में बनी भाजपा की सरकार : सीएम

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता देशहित के कार्यों में लगे हुए हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले जिस प्रकार की मेहनत भाजपा कार्यकर्ताओं ने की है, उसी का परिणाम है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनी। देश प्रथम, पार्टी द्वितीय और हम आखिरी में रखकर काम करते रहे हैं। देश की प्रगति के लिए काम करने वाले हैं और संगठन एकजुट होकर समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए सरकार काम करें और पार्टी के सिद्धांतों को लागू करें। सीएम गुप्ता ने कहा कि हमारे जितने भी मार्गदर्शक रहें उन्होंने हमें जो सिखाया और समाज के लिए काम करने की सीख दी आज वह दिन है जब हमारे पास मौका है और हम सब सामाजिक उत्थान और दिल्ली के वैभव के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में हम लगातार काम कर रहे हैं। भारत को विश्वगुरु बनाने और दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने के लिए हम लगातार काम करेंगे।

### कार्यकर्ताओं को जनता के बीच एक कड़ी बनकर सारी परियोजनाओं का पहुंचाना है लाभ : बिधूड़ी

नई दिल्ली। भाजपा के स्थापना दिवस पर दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है कि वे दिल्ली की नई भाजपा सरकार तथा जनता के बीच पुल का काम करें। भाजपा के संकल्प पत्र में दिए गए वादों को पूरा कराने के लिए उनपर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। बिधूड़ी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर दक्षिण जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस, रामनवमी तथा महर्षि कश्यप की जन्म जयंती की बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि विकसित दिल्ली के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के लिए एक लाख करोड़ रुपए का जो बजट पेश किया गया है, उसका लाभ जन-जन तक पहुंचना बहुत जरूरी है। कार्यकर्ताओं को जन प्रतिनिधियों और जनता के बीच एक कड़ी बनकर सारी परियोजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा के संकल्प पत्र में जो वादे किए गए हैं, उन्हें पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। तभी 27 साल बाद सत्ता में लौटी भाजपा अपनी जीत को सार्थक कर पाएगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजकुमार चौटाला और जिला प्रभारी पूर्व मेयर जयप्रकाश जेपी जी भी उपस्थित रहे।

# शकुन्तला आर्य जैसे वयोवृद्ध कार्यकर्ता भाजपा की अमूल्य धरोहर : नड्डा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


- नड्डा ने भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता शकुंतला आर्या से मुलाकात कर उनके निवास पर लगाया ध्वज

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर लाजपत नगर में भाजपा की 98वें वर्षीय भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व महापौर रहीं शकुंतला आर्या और अन्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह एवं राधा मोहन दास अग्रवाल, स्थानीय विधायक सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख, प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह, मयूर विहार जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जगत प्रकाश नड्डा ने शकुंतला आर्य को पार्टी का पटका एवं शॉल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया और पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उनके निवास पर पार्टी का पार्टी का ध्वज फहराया। शकुंतला आर्या ने जगत प्रकाश नड्डा और वीरेंद्र सचदेवा को दीर्घायु के साथ उन्नति और देशहित में सेवा करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि शकुंतला आर्य जैसे वयोवृद्ध कार्यकर्ता भाजपा की अमूल्य धरोहर हैं और ऐसे ही कार्यकर्ताओं के त्याग एवं बलिदान से आज हम केन्द्र एवं दिल्ली दोनों जगह सत्ता में हैं।

# तीन दिन लू की मार, पारा पहुंच सकता है 40 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सामान्य मौसम के बाद अब दिल्ली वालों को आज सोमवार से लू और सूर्य के कहर की तपिश की मार झेलने पड़ सकती है, जो अगले तीन दिन तड़पाएगी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने इस सीजन में पहली बार हीट वेव (लू) का येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सोमवार से अगले तीन दिन दिल्ली वालों को इस मौसम में पहली बार लू की मार की चपेट का सामना करना पड़ेगा। सूरज के बिगड़ते तेवरों के चलते अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। गर्म हवाएं लोगों को जुन जुलाई की हीटवेव का अहसास कराने वाली हो सकती है। आईएमडी के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.1 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान रहा 18.5 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रिज एरिया में सबसे अधिक 39.3 डिग्री तापमान पहुंच गया। जबकि इससे पहले शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस आंकड़े के अनुसार कहा जा सकता है कि रविवार को अधिकतम तापमान में एक अंक की गिरावट देखने को मिली है।आइएमडी के अनुसार हीट वेव का प्रकोप अगले तीन तक रहेगा। इन दिनों अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। अगले चार से पांच दिनों तक बारिश या बादल छाने की कोई संभावना नहीं हैं, लेकिन तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे आएगा। लेकिन ध्यान देने वाली बात है कि पारे में कमी आने के बाद भी गर्मी से कोई बड़ी राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही जबकि 10 और 11 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं इन दिनों न्यूनतम तापमान में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिलेग। गर्मी का प्रकोप निरंतर जारी रहेगा।

### आईपीयू में दाखिला संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी ने नए सत्र में यूजी, पीजी और पीएचडी के दाखिले से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए सात-सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। यूनिवर्सिटी के अकादमिक मामलों के निदेशक के नेतृत्व में यह कमेटी आवेदकों के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आए गंभीर समस्याओं का तत्काल निवारण करेगी। नए सत्र के दाखिले में आवेदकों को किसी तरह की असुविधा न हो यूनिवर्सिटी इसका पूरा ख्याल रख रही है। आवेदकों की सहूलियत के लिए यूनिवर्सिटी ने पहले से ही दाखिले के लिए चैट बॉट और क्यू आर कोड की सुविधा दे रखी है। यूनिवर्सिटी ने संभावित आवेदकों की मांग पर नए सत्र के लिए विभिन्न प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी है। जिन प्रोग्राम में यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर दाखिले होने हैं उनमें आवेदन की अंतिम तिथि अब बढ़ा कर 11 अप्रैल 2025 कर दी गई है। और जिन प्रोग्राम में दाखिले नेशनल लेवल टेस्ट्स या लास्ट क्वालीफाइंग एग्जाम के मेरिट पर होने हैं उनमें आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा कर 30 अप्रैल 2025 कर दी गई है।

# दिल्ली में चलेगी भारत की पहली तीन कोच वाली मेट्रो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बहुत जल्द भारत की पहली तीन कोच वाली छोटी मेट्रो रेल दिल्ली में दौड़ती नजर आएगी। यह पहल दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) अपनी लाजपत नगर- साकेत जी ब्लॉक लाइन पर करने वाली है। यह कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का दूसरा सबसे छोटा खंड होगा जोकि महज 8 किलोमीटर लंबा है। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि दिल्ली में अब तीन कोच वाली छोटी मेट्रो रेल चलेगी। जिसके लिए लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर बनाया जा रहा है। यह भारत का पहला ऐसा मेट्रो कॉरिडोर होगा जिस पर तीन कोच वाली ट्रेनें चलाई जाएगी।

इस तीन कोच प्रणाली को विशेष रूप से कम दूरी की यात्रा के लिए विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटी ट्रेन संरचना एक सस्ता और दुरुस्त समाधान प्रदान करेगी। जिससे दैनिक यात्रियों की पर्याप्त संख्या को समायोजित करते हुए बेहतर फ्रीक्वेंसी और परिचालन दक्षता सुनिश्चित होगी। यह कॉरिडोर केवल ट्रेन की लंबाई को कम करने के बारे में नहीं अपितु भविष्य के लिए तैयार, कुशल और लागत-सचेत मेट्रो प्रणाली के साथ शहरी गतिशीलता के इष्टतम उपयोग करने के बारे में है। दयाल ने बताया कि कॉरिडोर के पीक ऑवर पीक डायरेक्शन ट्रैफ़िक (पीएचपीडीटी) अनुमान मेनेजेबल लोड का संकेत देते हैं, जो अनावश्यक अधिक क्षमता के बिना आरामदायक यात्रा का अनुभव सुनिश्चित करता है।

# करावल नगर के सरकारी स्कूल में 10 रोहिंग्याओं के बच्चों को दिया गया एडमिशन : अनिल झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल झा ने रविवार को आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली के बच्चों का हक मारकर करावल नगर के एक सरकारी स्कूल में 10 रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दे दिया है। आम आदमी पार्टी इसका विरोध और जांच की मांग करती है। प्रैसवार्ता में आप विधायक अनिल झा ने कहा कि हमें जानकारी मिल रही है कि दिल्ली के करावल नगर क्षेत्र के स्कूलों में करीब 10 रोहिंग्या छात्रों को एडमिशन दिया गया है। भाजपा के नेता इनको बार-बार बांग्लादेशी घुसपैठिया कहते हैं। इसके बाद भी दिल्ली में रोहिंग्या छात्रों को एडमिशन दिया गया है। अगर मेरा यह दावा गलत है तो करावल नगर के विधायक और दिल्ली सरकार के मंत्री मेरे इस दावे को गलत साबित करें। भारत के बच्चों का हक मारकर रोहिंग्या छात्रों को एडमिशन दिया गया है। यह किस नियम के तहत किया गया है। इसकी निष्पक्ष जांच की जाए। अनिल झा ने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार को अल्पसंख्यक, दलित, झुग्गियों में रह रहे बच्चों की शिक्षा की चिंता करनी चाहिए, लेकिन ये लोग घुसपैठिए रोहिंग्याओं का स्वागत कर रहे हैं।

### भाजपा की डबल इंजन सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध रोकने में नाकाम : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। जिनमें बलात्कार और हत्याएं जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। यादव ने कहा कि राजधानी में महिलाएं किस तरह असुरक्षित महसूस करती हैं, इसका प्रमाण आंकड़ों से मिलता है कि जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों का राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत है, वहीं दिल्ली में यह प्रतिशत 144 है, जो चौंकाने वाला है। क्योंकि दिल्ली अब अपराधों में भी नंबर वन है। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अपराधों में भी दिल्ली 134 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 36 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली ने बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में भी 144 प्रतिशत के साथ रिकॉर्ड बनाया है। जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 7.5 प्रतिशत है, जिसमें लोग झपटमारी, डकैती, जानलेवा हमले, महिलाओं और नाबालिगों पर यौन उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेखा सरकार भी गत 11 वर्ष तक केजरीवाल सरकार की तरह लोगों से लोकलुभावन वादों के सहारे गुमराह कर रही है। यह बहुत चिंता की बात है कि दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते जघन्य अपराधों को नहीं रोक पा रही है। सीएम रेखा को चाहिए कि अपराध के ग्राफ को रोकने के लिए तुरंत मजबूत कदम उठाए, न की बड़ी-बड़ी बातें करती रहें।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने मशीन का किया निरीक्षण, ग्रेटर कैलाश में किया गया सफल ट्रायल

# अब सफाई के लिए सीवर में नहीं उतरेंगे श्रमिक सरकार लाई अत्याधुनिक रिसाइक्लर मशीन : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में अब सफाई के लिए सीवर में श्रमिक नहीं उतरेंगे, क्योंकि दिल्ली सरकार अत्याधुनिक रिसाइक्लर मशीन ले आई है। इस मशीन का निरीक्षण खुद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश ने किया। मंत्री ने अपने सामने ही इस अत्याधुनिक मशीन से ग्रेटर कैलाश क्षेत्र के एक सीवर की सफाई का सफल ट्रायल करवाया। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि हम हर मानसून में देखते हैं कि कैसे दिल्ली की सड़कें पानी में डूब जाती हैं, और कई बार यह पानी घरों तक भी घुस जाता है।

इसका बड़ा कारण है कि सीवर और नालों की डीसिल्टिंग पिछले 10-20 वर्षों से नहीं हुई। हमने इसके समाधान के लिए बड़ी मशीनें मंगवाने की शुरुआत की है। हमारी कोशिश है कि हर विधानसभा में एक ऐसी मशीन हो जिससे सीवर की संपूर्ण सफाई हो सके। सफाई के बाद हम सीसीटीवी कैमरे से जांच कर 100 प्रतिशत क्लीनिंग सुनिश्चित करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि मानसून के समय दिल्ली को जलभराव से पूरी तरह मुक्ति मिले। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रमिक को सीवर में न उतरना पड़े। इसके लिए देश या दुनिया से जो भी अत्याधुनिक तकनीक की जरूरत हो, हम उसे लाएंगे। मुंबई में ऐसी 100 मशीनें काम कर रही हैं और गुजरात में भी 30 मशीनें उपयोग में हैं। आज हमने डेमोंस्ट्रेशन किया है, लेकिन पिछले सप्ताह ही हमने 32 सुपर सकर मशीनों (वैक्यूम ट्रक) की खरीद के आदेश दे दिए हैं। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' और आधुनिक शहरी भारत के विजन को साकार करने की दिशा में हमारा ठोस प्रयास है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार अब इस मशीन को चरणबद्ध तरीके से राजधानी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लागू करने की योजना बना रही है ताकि मानसून से पहले व्यापक सफाई हो सके। उल्लेखनीय है कि इस निरीक्षण के दौरान ग्रेटर कैलाश की विधायक शिखा राय भी मौजूद रहीं।

### रिसाइक्लर मशीन की विशेषताएं

अत्याधुनिक रिसाइक्लर मशीन की विशेषताओं की बात करें तो यह सीवर से गाद और गंदा पानी एक साथ खींचती है। खींचे गए पानी को मशीन में ही शुद्ध कर दोबारा जेटिंग के लिए उपयोग किया जाता है। इससे पानी की खपत घटती है और अतिरिक्त पानी टैंकर की जरूरत नहीं होती। मशीन एकल इकाई में फिट होती है, जिससे संचालन में कम जगह लगती है। यह पूरी प्रक्रिया को तेज, सटीक और पर्यावरण-अनुकूल बनाती है।

# नारी सशक्तिकरण में आर्य समाज का है महत्वपूर्ण योगदान : सीएम



- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आर्य समाज स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित आर्य समाज के 150वां स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि नारी सशक्तिकरण में आर्य समाज का है महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं सीएम ने कहा कि सेवा और समाज को आगे बढ़ाने में आर्य समाज का योगदान अनुपम योगदान है। मुख्यमंत्री ने आर्य समाज को एक ऐसी व्यक्तित्व निर्माण संस्था बताया, जिसने हजारों लोगों को संस्कार और दिशा देकर देश व समाज की सेवा के योग्य बनाया है। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सीएम रेखा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय आर्य समाज के प्रतिनिधियों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने समारोह स्थल पर बनी रंगोली और उसमें दर्शाए गए आर्य समाज के 150 वर्षों के गौरवशाली इतिहास की तस्वीरों की ओर इशारा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर समाज सुधार तक, आर्य समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। यदि आज वे स्वयं इस मंच पर खड़ी हैं, तो इसका श्रेय स्वामी दयानंद सरस्वती को जाता है, जिन्होंने समाज की कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर समाज के सोच को बदला। सीएम ने बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर आर्य समाज की भूमिका का विशेष से रूप से उल्लेख किया उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' जैसे नारों की जड़ में आर्य समाज की सोच और कार्य हैं। आज अगर लाखों बेटियां देश के विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं, तो वह आर्य समाज द्वारा समाज में जागरूकता फैलाने और समानता की नींव रखने के कारण संभव हो पाया।

# 2047 तक विकसित भारत बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करने के बाद कहा कि भाजपा एक दल नहीं विचार है, जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण है।

केन्द्रीय मंत्री ने पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी महान संस्थापक सदस्यों, नेताओं और करोड़ों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिनके अमूल्य त्यागए प्रेरणादायी नेतृत्व और कठिन परिश्रम से आज भाजपा को न सिर्फ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त हुआ बल्कि यह भारतीय संस्कृति, सर्व समावेशी सामाजिक चेतना, राष्ट्रवाद और विकासोन्मुखी राजनीति का पर्याय बन चुकी है।

देश में श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है और देश के अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकार है, जिसका श्रेय भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं को जाता है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के समय में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी और पार्टी का संगठन विस्तार लगातार जारी है। श्री गुर्जर ने कहा मोदी जी का लक्ष्य है, भारत को गौरवशाली, शक्तिशाली और श्रेष्ठ भारत बनाना हम इसे पूरा होते हुए देख रहे हैं। 2047 में देश विकसित भारत बनेए मोदी इस संकल्प के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

## भाजपा एक दल नहीं अपितु राष्ट्रभक्ति का आंदोलन

### श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की



*केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता और जनसंघ के संस्थापक सदस्यों श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि की। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में खाद्य मंत्री राजेश नागर, फरीदाबाद की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशी, फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता, मनोज वशिष्ठ, ओमप्रकाश रक्षवाल, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह, शेर सिंह भाटिया मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा जिला कार्यालय पर प्रदेश सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं पर आधारित एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।*

### ध्वजारोहण कर मनाया भाजपा का 46वां स्थापना दिवस

**गाजियाबाद।** भाजपा का स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नेहरू नगर स्थित कार्यालय को पूरा सजा संवारा गया था। इस मौके पर पार्टी कार्यालय पर सभी जनप्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपाइयों ने पहुंचकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा का झंडा रोहण किया मिठाई बाटी और बड़े हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को बधाई देते हुए स्थापना दिवस पर अपने नेताओं के कार्यों एवं लंबे सफर का बखान किया।

## खबर संक्षेप

### केंद्र व राज्य से पुरुष आयोग गठन की मांग



**फरीदाबाद।** मेरठ, औरैया सहित देश में घटित घटनाओं को लेकर टीम पुरुष आयोग ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया तथा अतुल सुभाष, मानव शर्मा, सौरव राजपूत, पुनीत खुराना, पंतजलि व शिव प्रकाश तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। अध्यक्ष नरेश कुमार मेंहदीरत्ता ने कहा कि बेटों के लिए कानून बनाने व जेंडर न्यूट्रल लॉ की मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहेंगे।

### सोनी स्कूल में नेत्र व दंत जांच शिविर



**फरीदाबाद।** डबुआ कालोनी स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित पार्षद भगवान सिंह ने शिरकत की। वार्ड नम्बर-11 की पार्षद बबीता भड़ाना के पति संदीप भड़ाना मौजूद रहे। इस मौके पर सोनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डा. अमित जैन एड. व सचिन तंवर ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### बाइक पर स्नेचिंग करने के मामले में 2 गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने बाइक पर सवार होकर चेन झपटने की वारदात को अंजाम देने वाले दो को फर्रुखनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से एक बाइक बरामद की है। दो अप्रैल को थाना सेक्टर-9ए में एक महिला ने दी शिकायत में बताया कि एक अप्रैल को एक युवक उसकी सोने की चेन झपटकर बाइक पर बैठकर भाग गया।

### निजी बस चोरी, चालक ने दर्ज कराई शिकायत




**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में चोरों द्वारा निजी बस को चोरी करने का मामला सामने आया है। चोरों ने बस में लगे जीपीएस को बंद कर दिया। ऐसे में बस की लोकेशन का पता लगाने में पुलिस को दिक्कत आ रही है। चालक की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। आशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक कंपनी स्टाफ को आने-जाने में लगी निजी का चालक है।

### शराब तस्करों से 2400 पव्वे देसी शराब बरामद



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में थाना सूरजकुंड की टीम ने 2400 पव्वे शराब के साथ एक होंडा सिटी कार को जब्त किया है। 5 अप्रैल को थाना सूरजकुंड की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर कार्यवाही करते हुए थाना सूरजगढ़ की टीम ने नाकाबंदी कर एक होंडा सिटी कार से 48 पेटी शराब देसी कुल 2400 पव्वे बरामद किए।

### टास्क के माध्यम से 5 लाख की धोखाधड़ी, काबू



**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान व्यक्ति का कॉल आया, जिसने ऑनलाइन जॉब का ऑफर दिया, जिसनेउसे टेलीग्राम टास्क में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। जिस पर शिकायतकर्ता ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 5,29,800 रुपए निवेश किए। लेकिन बाद में उस पैसे को निकाल नहीं पाए।

## रामनवमी के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दी

# केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने गांव अनंगपुर में ढाई करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज गांव अनंगपुर में लगभग 2 करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाली गलियों की सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन विधिवत तरीके से गांव के बुजुर्गों से नारियल तुड़वाकर किया। इस अवसर पर उनके साथ बडख़ल विधायक धनेश अदलक्खा भी मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अनंगपुर गांव के वासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं दी और इस अवसर पर कहा कि पिछले 10 सालों में जो अभूतपूर्व विकास जिला में हुआ है, वह सभी के सामने है। उन्होंने बताया कि इस विकास कार्य का प्रमाण हर गांव, हर सड़क और हर सार्वजनिक सुविधा में दिखाई दे रहा है। उन्होंने ने कहा कि ये सभी कार्य उनके मंत्रालय और राज्य सरकार की पूरी मेहनत का नतीजा हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में संभव हो पाए हैं।

विकास कार्य उनके मंत्रालय और की पूरी मेहनत का नतीजा

ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में लाना होगा



**सभी राज्यों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ**

उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद सभी राज्यों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है, पीने के पानी की समस्या कम हुई है और लोगों को अन्य मुलभूत सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं। लोगों ने सरकार के इन कार्यों की सराहना की है और यह विकास हरियाणा में विशेष रूप से महसूस किया जा रहा है। आगामी 6 माह के अंदर जनता को कोई काम बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लगभग 3.88 करोड़ रुपए की और परियोजनाओं का शुभारंभ होगा, जो गांव के विकास में अहम योगदान देंगे।

### सब मिलकर प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने सबका साथ, सबका विकास की नीति को पूरी तरह से अपनाया है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास और सरकारी सेवाओं के लाभ पहुंचाना है। हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए। हरियाणा सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल शहरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में लाना है। अनंगपुर गांव जैसे क्षेत्रों में जो बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है, वह मूलभूत सुविधाओं के मामले में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सब पीएम मोदी और मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हो रहा है। गांवों के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

## तेज नहीं थी आग, काबू पा लिया

# बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के बंधवाड़ी में रविवार दोपहर कूड़ा निस्तारण प्लांट के कूड़े में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां मौके पर भेजी गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल कूड़े के ढेर से धुआं अभी भी निकल रहा है।फायर ऑफिसर जयनारायण ने बताया कि दोपहर करीब 12.30 बजे कूड़ा प्लांट के कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। जिसके बाद सेक्टर 29 फायर ब्रिगेड स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। जब ये गाडिय़ां ट्रैफिक के बीच से होते हुए करीब एक बजे मौके पर पहुंचीं तो वहां काफी आग लगी हुई मिली। जिस पर उद्योग विहार, भीम नगर और सेक्टर 37 फायर ब्रिगेड स्टेशन से एक-एक गाड़ी भेजी गई। इसे बाद दो और गाड़ियां भेजी गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीमों ने आग पर काबू पा लिया है। अब केवल कचरे से धुआं निकल रहा है। गर्मी के कारण इसे बुझने में टाइम लगेगा। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।



### जान माल का नुकसान नहीं

नगर निगम के एक्सईएन निजेश ने बताया कि आग ज्यादा तेज नहीं थी, इसलिए इस पर जल्दी काबू पा लिया गया। वेस्ट में आग लगी थी और इससे जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। मशीनरी और मैनपावर सुरक्षित है। गुरुग्राम फरीदाबाद रोड पर बंधवारी गांव के पास दोनों शहरों के कूड़े का निस्तारण होता है। बताया जा रहा है कि कूड़े में कोई जलती हुई वस्तु आ गई होगी और तेज धूप व हवा के कारण ज्वलनशील कूड़े में आग लग गई।

### हवा व ऑक्सीजन के संपर्क में आकर लगती है आग

निगम अधिकारियों के अनुसार पुराने कूड़े के ढेर के नीचे मीथेन गैस बनने लगती है, जिससे हवा और ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर कूड़ा आग पकड़ सकता है। गर्मी के मौसम में कूड़े के पहाड़ों में लगातार आग लगने से स्थानीय लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है।

## बरामद 6 गायों को गोशाला भिजवाया

# गौ तस्करी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गौ तस्करी करने के आरोप में क्राइम ब्रांच सैक्टर-56 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में उप निरीक्षक गुणपाल थाना धौज की शिकायत पर गो तस्करी व हत्या के प्रयास की धाराओं के अंतर्गत थाना धौज में अभियोग अंकित किया गया था, जिसमें आरोप लगाए गए थे कि आरोपीगण एक पिकअप गाड़ी में छह गायों को भरकर फरीदाबाद से मेवात ले जा रहे थे, जिनका पीछा करके गांव आलमपुर के पास उनको घेरा गया, जहां पर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करके आरोपी गण अंधेरे का फायदा उठाकर मौका से भाग गए। मौका पर पिकअप को कब्जा पुलिस में लिया गया तथा पिकअप से बरामद 6 गायों को गौशाला भिजवाया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने कार्यवाही करते हुए खालिद / सूजी निवासी गांव चिल्ला तावडू को नुंहू जेल से प्रोडक्शन पर लिया जाकर गिरफ्तार कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी थाना रोजका मेव के गौ तस्करी के मामले में नुहू जेल में बंद था। पूछताछ में बताया कि 19-20 दिसंबर 2023 की रात को वह अपने अन्य साथियों के साथ डबुआ मंडी फरीदाबाद से गायों को पिकअप गाड़ी में भरकर गोकशी के लिए मेवात ले जा रहा थे। वह गाड़ी चला रहा था, रास्ते में पुलिस ने घेराबंदी कर ली, जिस पर वह अपने साथियों के साथ गाड़ी छोड़कर भाग गए थे।



## बीस दिन तक एफआईआर नहीं करने पर एसएचओ सहित 3 पुलिस कर्मी सस्पेंड

### पीड़ित ने कमिश्नर के समक्ष लगाई थी गुहार

- *बाइक चोरी का मामला बताया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बीस दिन बाद तक बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज नहीं करने पर पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने आईएमटी मानेसर थाना प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है। आरोप है कि थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, मुंशी रविंद्र और जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार शिकायत कर्ता को बार-बार थाना के चक्कर लगवा रहे थे। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष गुहार लगाई। पुलिस कमिश्नर ने तुरंत प्रभाव से तीनों को सस्पेंड कर दिया।

दरअसल, बिहार के शाहबाजपुर निवासी राजीव कुमार ने गांव बसई थाना सेक्टर 96 में

**निलंबित**

किराए पर रहता है। वह सेक्टर-4 स्थित एक कंपनी में काम करता है। बीती 8 फरवरी को वह बाइक से ड्यूटी पर गया तो उसकी बाइक चोरी हो गई। राजीव आईएमटी मानेसर थाना के बार-बार थाना के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसकी एफआईआर नहीं की गई। हर बार उसे टरकाया गया। परेशान होकर राजीव ने पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा को अपनी व्यथा बताई। पुलिस कमिश्नर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, मुंशी रविंद्र और जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया।

# साहिबाबाद में 2 फैक्टरियों में लगी आग, 3 जिलों की फायर ब्रिगेड पहुंची

## रातभर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित हर्ष कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र साइट 2 में 2 फैक्टर में भीषण आग लग गई इसमें करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया इस दौरान फायर ब्रिगेड ने आज पर काबू पाया जिसमें कई घंटे का समय लगा आग बुझाने के लिए न केवल गाजियाबाद बल्कि नोएडा और हापुर से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मांगनी पड़ी इस भीषण अग्निकांड में किसी के हाथ होने की खबर नहीं है आग लगने के कर्म की जांच की जा रही है मुख्य मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि रात्रि में 3:10 पर कौशांबी फायर स्टेशन पर सूचना मिली कि साहिबाबाद थाना क्षेत्र के हर्षा कंपाउंड में साइट 2 इंडस्ट्रियल एरिया की दो फैक्ट्रियों में देर रात भीषण आग लग गई।



### स्थलीय निरीक्षण किया गया, कोई जनहानि

सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटना स्थल पर रवाना हुई तथा आग बुझाना शुरू किया। भीषण आग होने के कारण फायर स्टेशन कोतवाली, सहिबाबाद, कौशाम्बी व लोनी से भी कुल 12 गाड़ियां बुलाई गई थी। रातभर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहुल पाल ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण किया गया तो पाया कि आग 3/21 अजंता कंपाउंड लोनी रोड इंडस्ट्री एरिया साइट 2 में लगी थी आग से नजदीक में स्थित जे पी एस इंजीनियरिंग कंपनी जिसमें लोहे व एल्यूमीनियम के फेब्रिकेशन का कार्य किया जाता था उसमे भी आग लग गई थी। जिसको तुरंत ही कुछ ही समय के अंतराल पर बुझा लिया गया और आग को आगे बढ़ने से रोक दिया गया।

# एक सप्ताह में 14 मुकदमों में 29 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 29 लाख रुपए बरामद

## *218 शिकायतों का किया निस्तारण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीमों ने इस सप्ताह 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मार्च से 04 अप्रैल तक साइबर पुलिस की टीमों ने 14 मुकदमों को सुलझाते हुए 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 2, साइबर थाना सेंट्रल के 10 व साइबर थाना बल्लभगढ के 2 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 29,17,743 रूपए बरामद किए हैं तथा 218 शिकायतों का निस्तारण कर 9,9500 रिफंड कराए हैं, साथ ही 3,80,615 रुपए खातों में फ्रिज



कराए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में उमेश कुमार, कुनाल मिश्रा, रोहित यादव, विक्रम सिंह, विवेक, नीलम कुमारी, कुनाल मानी, हीरालाल, राजूराम, कमल कुमावत, जीतू कुमावत, सुभाष कुमार, प्रदीप भाई रावल, सोनू, पंकज, जीसान आलम, नदीम हसन, संतोष कुमार, निर्मल सिंह, आशीष कुमार, संयम द्विवेदी, रचित, बापी दास, विकाश तेतरवाल, राहुल टेलर, संजय जांगिड़, लोकेश कुमार, भगवान सिंह, मयंक का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा है कि ठगों द्वारा लोगों से शेयर मार्केट व टेलीग्राम टास्क के माध्यम से टास्क देकर निवेश करवाया जाता है।

ठगों द्वारा शुरुआत में लोगों के निवेश किए गए पैसों पर अधिक मुनाफा देकर उनको लालच देखकर अपना विश्वास जमाया जाता है, झांसे में आकर लोग अपनी जीवन भर की पूंजी को ठगों के कहे अनुसार निवेश कर देते हैं। बाद में ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर राशि को ठग लिया जाता है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी के मामले में तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें तथा ऑनलाइन वेबसाइट पर भी शिकायत भेजें तथा लिखित शिकायत संबंधित साइबर थाना में दें।

# नमो भारत एप के जर्नी प्लानर फीचर से कीजिए एंड टू एंड ट्रिप प्लानिंग, पाइए सिंगल विंडो पेमेंट की सुविधा

## टिकट बुकिंग में नहीं करना पड़ेगा असुविधा का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नमो भारत यात्रियों की यात्रा को और सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी ने नमो भारत एप में एक आकर्षक फीचर, जर्नी प्लानर की शुरूआत की है। इस फीचर के साथ, यात्री एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके नमो भारत और मेट्रो नेटवर्क में अपनी पूरी यात्रा की योजना बना सकते हैं, सबसे आसान एवं सुविधाजनक यात्रा मार्ग के विकल्प चुन सकते हैं और एक ही जगह सहज भुगतान के साथ बुकिंग पूरी कर सकते हैं। यह यात्रियों के लिए एकीकृत एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने की ओर बढ़ाया गया एक सशक्त कदम है।

इस फीचर के साथ यात्री नमो भारत एप पर ही अपनी एंड टू एंड यात्रा की योजना बना सकते हैं। यह फीचर एक स्टेशन से दूसरे के बीच



के यात्रा के लिए स्मार्ट रूट का सुझाव देता है। यात्री इससे सबसे तेज और सबसे कुशल रूट की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अनुमानित यात्रा समय और सुझाए गए इंटरचेंज भी देख सकते हैं। इसमें नमो भारत, मेट्रो एवं फर्स्ट एंड लास्ट माइल की यात्राएँ शामिल हैं।

एक और चीज जो इस फीचर को खास बनाती है, वो है एक ही प्लेटफॉर्म पर नमो भारत और मेट्रो दोनों के टिकट एक साथ बुक करने की सुविधा। इससे यात्रियों को दो अलग- अलग एप पर जाकर दोनों माध्यमों के लिए अलग-अलग टिकट बुक करने की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। वे नमो भारत एप पर ही पूरी यात्रा का अनुमानित किराया देखकर, यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग द्वारा एकल और सुरक्षित भुगतान कर सकते हैं।

इसका प्रयोग करने के लिए यात्रियों को नमो भारत एप के जर्नी प्लानर सेक्शन में जाना है और अपने आरंभ स्टेशन और गंतव्य स्टेशन का चुनाव करना है। ऐसा करते ही एप नमो भारत और मेट्रो कनेक्शन के साथ एकीकृत मार्ग दिखाने लगेगा, जिसे और अधिक स्पष्ट रूप से समझने के लिए यात्री इंटरैक्टिव मैप भी देख सकते हैं। इसके बाद, यात्री दिखाए गए विकल्पों में से अपनी सुविधा और पसंद का मार्ग चुनकर अपनी यात्रा की पुष्टि कर सकते हैं। इसके बाद ये आपको भुगतान की विंडो पर ले जाएगा, जहाँ भुगतान करते ही यह क्यूआर-आधारित ई-टिकट जनरेट कर देगा। उदाहरण के लिए, अगर आपको गाजिÞयाबाद से नोएडा सेक्टर 16 की यात्रा करनी है, तो आरंभ स्टेशन में गाजिÞयाबाद लिखें और गंतव्य में नोएडा सेक्टर 16। इसके साथ ही एप में गाजिÞयाबाद से न्यू अशोक नगर तक नमो भारत और वहाँ से इंटरचेंज कर मेट्रो ब्लू लाइन द्वारा नोएडा सेक्टर 16 तक की यात्रा का रूट मैप प्रदर्शित हो जाएगा।

इस रूट का चुनाव करते ही यह पेमेंट विंडो पर ले जाएगा, जहाँ भुगतान करते ही यह नमो भारत और मेट्रो के लिए दो अलग-अलग क्यूआर आधारित डिजिटल टिकट जनरेट कर देगा। अपने गंतव्य स्टेशन पहुँचकर लास्ट-माइल की यात्रा के लिए यात्री नमो भारत एप में रैपिडो जैसे विकल्प चुनकर अपने लिए ऑटो या कैब भी बुक कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### यूपी में भीषण गर्मी के साथ लू का अलर्ट जारी

**लखनऊ।** यूपी में अप्रैल, मई व जून माह में सामान्य से अधिक तापमान और भीषण गर्मी पड़ने की



आशंका है। साथ ही तेज उष्ण लहर का भी पूर्वानुमान है। संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए चिकित्सा तथा पशुपालन विभाग ने एहतियातन तैयारी शुरू कर दी है। विशेषज्ञों ने खासतौर पर चेतावनी दी है कि राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र को सबसे गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मानव और पशु दोनों के स्वास्थ्य को काफी खतरा हो सकता है।

### गला दबाकर हत्या, पीएम में खुला पत्नी का झूठ

**बिजनौर।** रेलवे स्टेशन नजीबाबाद में कार्यरत तकनीकी कर्मचारी



दीपक कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी शिवानी को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों ने नौकरी हड़पने के लिए दीपक की हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत होने की पुष्टि हो गई। सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी ने हत्यारोपी पत्नी से पूछताछ की।

### विवादित बयान देने वाले मुफ्ती पर मुकदमा

**अलीगढ़।** वक्फ संशोधन बिल को



लेकर मुफ्ती अकबर कासमी द्वारा दिए गए विवादित बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा देहली गेट थाने में भाजपा नेता संजू बजाज की तहरीर पर लिखा गया है। वहीं अन्य थानों में पहुंची तहरीरों को इसी मुकदमे में शामिल किया जाएगा। जमीयत उलमा-ए-हिंद के महानगर अध्यक्ष मुफ्ती अकबर कासमी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

# राशन कार्ड जरूरी, वेरिफिकेशन से होगी 'मंईयां' की पहचान

एजेंसी ▸▸ रांची

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों की वास्तविक पहचान करने के लिए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अब राशन कार्ड का भी सत्यापन कराएगा। इसके लिए नोडल विभाग ने खाद्य आपूर्ति विभाग से राशन कार्ड पोर्टल के एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीई) के उपयोग की स्वीकृति मांगी है। जानकारी के मुताबिक नोडल विभाग ने कई अन्य सॉफ्टवेयर इंटरफेस से भी लाभुकों की वास्तविक स्थिति जांचने का फैसला किया है। इसमें नेशनल



पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर और पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं। इससे सामाजिक सुरक्षा विंग जांच सकेगा कि लाभुक की आयु 18 से 50 वर्ष तक हो। वह झारखंड की हों। जांच में यह भी पता चलेगा कि लाभुक का राशन कार्ड आधार लिंक्ड है या नहीं।

सौ दिन पूरा निर्माण, दीवारों पर गीता का श्लोक भी लिखा

# संभल हिंसा के बाद जामा मस्जिद के पास बनी सत्यव्रत पुलिस चौकी का उद्घाटन

एजेंसी ▸▸ संभल

यहां हिंसा के बाद बनाई गई सत्यव्रत पुलिस चौकी का रविवार को उद्घाटन हुआ। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आठ वर्षीय गुनगुन कश्यप ने फीता काटकर चौकी का उद्घाटन किया।

पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस ने संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस चौकियों के निर्माण की योजना बनाई थी।

योजना के तहत 28 दिसंबर को संभल थाना क्षेत्र स्थित शाही जामा मस्जिद के पास सत्यव्रत पुलिस चौकी का शिलान्यास किया गया था और रामनवमी के दिन चौकी का उद्घाटन किया गया। इस पुलिस चौकी का निर्माण करीब 100 दिन में पूरा हुआ है। उक्त चौकी पर भगवान कृष्ण द्वारा कुरुक्षेत्र के युद्धस्थल पर अर्जुन को दिए गए उपदेश 'यदा, यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत' का संदेश भी




अंकित है। इसके साथ ही दो मंजिला पुलिस चौकी में सैटेलाइट टावर, जिला नियंत्रण कक्ष और सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि प्राचीन काल से लेकर आज तक संभल का नाम सतयुग में सत्यव्रत, त्रेता युग में महेंद्र गिरि और द्वापर युग में पिंगल था।

उन्होंने बताया कि यह संयोग ही है कि नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी और भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर पुलिस चौकी का उद्घाटन हुआ है। अधिकारी ने बताया कि मिश्रित आबादी वाला यह क्षेत्र संवेदनशील है इसलिए इस चौकी की स्थापना की गई है।

## आराध्य के दर्शन पाकर श्रद्धालुओं ने खुद को माना धन्य

# रामलला के जन्मोत्सव पर अयोध्या में उल्लास सूर्य तिलक बना आस्था का अद्भुत प्रमाण

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में इतिहास रच दिया गया। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर राममंदिर परिसर और सम्पूर्ण अयोध्या नगरी भक्ति और उल्लास में डूबी रही। लाखों श्रद्धालुओं ने इस दिव्य उत्सव में भाग लिया और रामलला के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सबसे विशेष क्षण तब आया, जब दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणों ने स्वयं रामलला के ललाट पर तिलक किया। एक ऐसा अलौकिक दृश्य, जिसका गवाह बनना हर भक्त के लिए सौभाग्य से कम नहीं था।



### श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि अमेरिका, कनाडा, नेपाल, श्रीलंका सहित कई देशों से भी रामभक्त अयोध्या पहुंचे। असहाय और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। हजारों भक्तों ने सरयू स्नान कर हनुमानगढ़ी और फिर रामलला के दर्शन कर अपनी तीर्थ यात्रा पूर्ण की।

### सूर्य तिलक का वैज्ञानिक चमत्कार

रामलला के सूर्य तिलक को सफल बनाने के लिए इसरो और देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों के वैज्ञानिकों ने महीनों तक अभ्यास और परीक्षण किए। इस तकनीकी समन्वय का अंतिम सफल ट्रायल शनिवार को हुआ और रविवार को दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की किरणों ने मात्र चार मिनट तक भगवान के ललाट पर दिव्य तिलक किया। विज्ञान और आस्था के इस संगम ने पूरे देश को चकित कर दिया।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरा भव्य आयोजन

*राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह दूसरा अवसर था, जब रामनवमी इतनी भव्यता और संगठित रूप में मनाई गई। उत्तर प्रदेश सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, ट्रैफिक और व्यवस्थाओं की चाक-चौबंद योजना पहले से ही लागू की गई थी। यह रामनवमी न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से विशेष रही, बल्कि सूर्य तिलक जैसी अनूठी वैज्ञानिक सफलता ने इसे युगों-युगों तक याद रखने योग्य बना दिया। अयोध्या ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि एक जीवंत परंपरा और संस्कृति का केंद्र है।*

### रामनवमी पर विहिप ने संभल में पहली बार निकाली शोभायात्रा हाथों में तलवार और झंडे भी लहराए

*संभल। रामनवमी के मौके पर संभल में पहली बार शोभायात्रा निकली। ये शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद की ओर से निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान विहिप कार्यकर्ताओं ने हाथों में तलवार और झंडे भी लहराए। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। शहर की सड़कों पर निकाली गई शोभायात्रा में परंपरा, संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम भी दिखाई दिया। शोभायात्रा में युवकों के अलावा युवतियां और महिलाओं ने भी करतब दिखाया।*

*शोभायात्रा में भगवान राम, हनुमान जी और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां भी थीं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरी शोभायात्रा के दौरान जयकारों से माहोल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा को लेकर विहिप नेता ने कहा, संभल का गौरवशाली अतीत अब लौट रहा है, यही वजह है कि रामनवमी पर संभल में भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। वहीं दूसरी ओर संभल में पहली बार निकाली गई इस शोभायात्रा को लेकर पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद रही। शहर में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए। स्थानीय पुलिस के अलावा आरएफ की भी चप्पे-चप्पे पर तैनाती की गई।*

अलग-अलग जगहों पर निगरानी के लिए ऊंचे टावर लगाए गए

# झारखंडः राम नवमी पर निकाले 700 से ज्यादा जुलूस



एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड पुलिस ने राम नवमी के त्योहार से पहले गिरिडीह में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बिमल कुमार ने कहा कि जिले में 700 से ज़्यादा जुलूस निकलेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि अलग-अलग जगहों पर निगरानी के लिए ऊंचे टावर लगाए गए हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार एसपी ने कहा,हमने अलग-अलग जगहों पर वॉच टावर बनाए हैं। जिले में सब ठीक चल रहा है। जिले में 700 से ज्यादा जुलूस निकलेंगे और दोपहर 12 बजे के बाद इनकी संख्या और बढ़ जाएगी। हम ड्रोन से भी निगरानी कर रहे हैं। सही जगह पर बैरिकेड लगाए गए हैं।

यह कदम गिरिडीह में हाल ही में हुई सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं के बाद उठाया गया है,जहां हिंसा भड़क गई थी और झड़पें हुई थीं। अधिकारियों के अनुसार,होली के अवसर पर शुक्रवार देर रात दो समुदायों के बीच झड़प होने के बाद गिरिडीह में कई गाड़ियां जला दी गईं थीं। इस बीच,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राम नवमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार धर्म,न्याय और कर्तव्य की भावना का संदेश देता है।

## पेज एक का शेष

### भाषा पर- जो लोग...

2014 से पहले 900 करोड़ रुपये सालाना था और अब 6000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। साथ ही, राज्य के 77 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण की योजना पर भी तेजी से काम हो रहा है। मोदी ने तमिल भाषा और संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार तमिल को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि तमिल भाषा और तमिल विरासत दुनिया के हर कोने तक पहुँचे। संयुक्त राष्ट्र में मैंने तमिल कविता पढ़ी थी, जिसकी चर्चा आज भी विदेशों में होती है। विदित हो कि भाषा और फंडिंग के मामले में डीएमके सांसद संसद में आक्रामक तेवर अख्तियार करते हुए केंद्र सरकार से सवाल पूछते नजर आये थे। पहले सदन के अंदर और अब सदन के बाहर भी दोनों मसले पर करारा जवाब भाजपा की ओर से दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, तमिलनाडु के कुछ नेताओं का पत्र भाषा के विषय को लेकर उन्हें मिला,लेकिन जो लोग खुद को तमिल भाष का पैराकार मानते हैं उनके हस्ताक्षर भी तमिल में नहीं थे। ये अब तक का सबसे बडा सियासी हमला तमिल भाषा बनाम हिंदी भाषा के विवाद पर खुद प्रधानमंत्री की ओर से था। उन्होंने तमिलनाडु सरकार से मेडिकल शिक्षा को तमिल माध्यम में शुरू करने का आग्रह किया, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी डॉक्टर बन सकें। साथ ही, पिछले 10 वर्षों में तमिलनाडु में 11 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का उल्लेख किया।

### तीन गुना ज्यादा...

आसान हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने तमिलनाडु की मांगों को पूरा करने के लिए दिन-रात काम किया है, जिसे डीएमके सरकार ठीक से लागू नहीं कर रही। पीएम मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस ने तमिल संस्कृति का सम्मान नहीं किया और कच्चातीवु द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया, जिससे मछुआरों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, इनका इतिहास तमिल संस्कृति के प्रति तिरस्कार से भरा है। कच्चातीवु को देने का फैसला आज भी हमारे मछुआरों को परेशान करता है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि जो लोग अपने बच्चों का भविष्य बनाना चाहते हैं, वे आज भाजपा को वोट दे रहे हैं। तमिलनाडु इस बार एनडीए को निर्णायक जनादेश देने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से केवल तमिलनाडु ही ऐसा राज्य जहां एक भी बार कांग्रेस पार्टी की अपने दम पर सरकार नहीं बन पाई। भाजपा इस जतन में है कि राज्य के इस मिथक को भी तोडा जाए और वहां भाजपा की सरकार स्थापित करने के तमाम जतन किये जाएं। भाजपा से सियासी लोहा लेने के लिए पहली बार मुख्यमंत्री स्टालिन ने अंग्रेजी हिंदी में ट्वीट करना शुरू किया है।

### जहाज गुजरने पर...

इंजीनियरिंग की एक बड़ी उपलब्धि है। इसे रामनवमी के दिन ही देश को समर्पित किया गया है। गौर हो कि यह नया ब्रिज अमेरिका के गोल्डन गेट ब्रिज, लंदन का टावर ब्रिज और डेनमार्क-स्वीडन को जोड़ने वाला ओरेसुंड ब्रिज जैसे दुनिया के अन्य मशहूर ब्रिज की श्रेणी में गिना जा रहा है।

**क्या होता है वर्टिकल लिफ्ट पुल ?:** वर्टिकल लिफ्ट पुल ऐसा पुल होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर पानी की सतह से ऊपर उठाया जा सके। वर्टिकल पुल को ऊपर उठाने पर उस जगह से पानी के बड़े जहाज आसानी से गुजर सकेंगे।

### किसान नेता डल्लेवाल...

उनके अनशन की समाप्ति पर अरदास की और किसान आंदोलन की बेहतरी के लिए भी अरदास की और डल्लेवाल को पानी पिलाकर उनका अनशन खत्म करवाया। डल्लेवाल ने कहा कि अनशन खत्म हुआ है लेकिन संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलन का तरीका अलग हो सकता है, लेकिन यह खत्म नहीं हुआ है। गौरतलब है कि किसान नेता डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अन्य मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 को अपना आमरण अनशन शुरू किया था। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने और किसानों की मांगों पर चर्चा के लिए केंद्र के साथ बातचीत के लिए आगे आने की अपील की। बिट्टू ने एक बयान में कहा, ''आपका स्वास्थ्य अधिक महत्वपूर्ण है, और आपका जीवन पंजाब के लोगों के लिए कीमती है क्योंकि किसानों और कृषि मजदूरों के संघर्ष के लिए आपके नेतृत्व की हमेशा आवश्यकता होगी।'' जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि भगवान जब जन्म देता है तो उसके कर्म हर व्यक्ति को साथ में देता है जो जो भगवान ने मेरे से मेरे कर्मों के अनुसार करवाया वह मेरे कर्म थे। अनशन खत्म करना भी मेरा निजी फैसला नहीं था। आगे भी जो होगा वह भगवान की इच्छा से ही होगा। डल्लेवाल ने कहा कि किसानों ने आंदोलन किया सरकार एमएसपी की बात को सुनने को तैयार नहीं थी आज एमएसपी की मुद्दा बनकर उभरा है इसी बात को लेकर किसानों और केंद्र सरकार के बीच बैठक होने जा रही है। हम इस बैठक में हिस्सा जरूर लेंगे। किसान महा पंचायत तमिलनाडु, कर्नाटका और यूपी में महापंचायत करने जा रही है उसमें वह भी हिस्सा लेंगे। जगजीत सिंह डलेवाल ने बातचीत दौरान कहा कि सरकार ने हमारे 1500-1600 साथियों को कैद कर लिया और फिर हमारे मोर्चे को विफल कर दिया। यह बहादुरी की बात नहीं है, यह कायरता की बात है। मैं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक बात कहना चाहता हूं कि आप धोखे से मोर्चे को हटा सकते हो, लेकिन हमारे दिलों में हमारी मांगें पूरी होने की भावना को कैसे खत्म करोगे? यह युद्ध जारी है और हमें हर कीमत पर जीतना होगा। उन्होंने कहा कि हम भगवंत मान को बताना चाहते हैं कि मोर्चा जारी है। किसान हर दिन मोर्चा निकाल रहे हैं।

### सीएम नायब ने लिया..

शिलान्यास और हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन व नए टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों के जरिए प्रधानमंत्री विकसित भारत व विकसित हरियाणा की महत्वपूर्ण कड़ी को जोडने का कार्य करेंगे। सैनी रविवार को कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। रेलवे हो या सडकों पर चलने वाले इलैक्ट्रिक व्हीकल हम हर चीज में बिजली पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में प्रधानमंत्री जिस 800 मैगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट की आधारशिला रखेंगे उसे भारत हैवी इलैक्ट्रिक्ल लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा बनाया जा रहा है और इसके निर्माण पर 7272 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस यूनिट का कार्य वर्ष 2028 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनानगर व हिसार में दोनों स्थानों पर कार्यक्रमों में कोई कमी न रहे इसके लिए उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग की है और सभी तैयारियों का जायजा लिया है। कार्यक्रम की तैयारियों पर संतोष जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों स्थानों पर हरियाणा के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत करने को आतुर हैं। प्रदेश को मिलने वाली विकास की इन सौगातों का प्रदेश ही नहीं देश के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर तैयार किए जा रहे पंडाल, वीआईपी गैलरी, मीडिया गैलरी, पार्किंग, कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी व शौचालयों की व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्किंग व्यवस्था बेहतर हो और कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से आने वाले लोगों को दिक्कत न हो इसकी व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ पार्किंग स्थलों पर भी पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक यमुनानगर घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी, आयुक्त एवं सचिव विकास एवं पंचायत विभाग डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के.मकरंद पांडुरंग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत की संसद ने...

सुरक्षा के लिए संसद द्वारा पारित नए श्रम कानूनों और संहिताओं का उल्लेख भी किया।उन्होंने अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा में प्रतिभागियों को राम नवमी की बधाई भी दी । बिरला ने कहा कि विभिन्न संसदीय समितियां, जिन्हें हम मिनी संसद भी कहते हैं, संसद व सरकार के प्रयासों के पूरक के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संबंधी समिति; महिला अधिकारिता संबंधी समिति; श्रम और कौशल विकास संबंधी समिति तथा अन्य विविध समितियां कल्याणकारी कार्यक्रमों की निगरानी करती हैं, जिससे योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावी तथा जवाबदेह ढंग से हो ।

### प्रियंका को मिल सकती...

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी 64 सालों के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में इस तरह का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित कर रही है। आगामी 8 और 9 को महात्मा गांधी की आइडियोलॉजी पर चलने वाली कांग्रेस पार्टी गांधी की धरती से नए कांग्रेस के गठन का संकल्प लेकर व्यापक विमर्श करेगी। पहले दिन 8 को 11.30 बजे सुबह अधिवेशन का आगाज शाहीबाग स्थित सरदार स्मारक से होगा। उसी दिन शाम को साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी को याद करते हुए एक प्रार्थना सभा रखी गई है उसके बाद शाम 5 बजे वहीं पर सीडब्लूसी की बैठक आहूत की जानी है। देशभर से तकरीबन 3 हजार डेलीगेट्स की उपस्थिति में साबरमती नदी के तट पर विशेष रूप से तैयार किये गये पंडाल में अगले दिन 9 तारीख को नेशनल कंवेंशन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।पूरे अधिवेशन में प्रियंका गांधी वाडा के लिए प्रस्तावित नई जिम्मेदारी चर्चा का विषय रहेगी, ऐसी संभावना है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटें जीतकर बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन उसके बाद हुए कई राज्य विधानसभा चुनावों (जैसे हरियाणा, दिल्ली आदि) में पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। दिल्ली में तो कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी। इन हार के बाद पार्टी नेतृत्व को यह एहसास हुआ कि चुनावी रणनीति और प्रबंधन में सुधार की सख्त जरूरत है। प्रियंका गांधी को इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले भी उत्तर प्रदेश में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं और उनकी संगठनात्मक क्षमता को कार्यकर्ता सराहते हैं। प्रियंका ने 2019 में औपचारिक रूप से राजनीति में कदम रखा, जब उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया था। 2020 में उनकी जिम्मेदारी पूरे उत्तर प्रदेश तक बढ़ाई गई। हालांकि, 2023 में उन्हें यूपी के प्रभारी पद से हटा दिया गया, जिसके बाद से उनके लिए एक राष्ट्रीय स्तर की भूमिका की चर्चा चल रही थी। उन्हें एआईसीसी महासचिव बनाया गया। वायनाड से सांसद चुनकर आईं। अब सांगठनिक कार्यकुशलता की कसौटी पर उन्हें कसे जाने की संभावना है।

### भारत खाद्यान्न के...

ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के क्षेत्र में पूरे विश्व में भारत के कोऑपरेटिव क्षेत्र की धाक जमाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इफको के नैनो यूरिया और नैनो डीएपी आज पूरी दुनिया में पहुंच रहे हैं। शाह ने कहा कि इफको ने अपनी क्षमता भी बढ़ाई है, किसान के खेत तक पहुंच भी बढ़ाई हैऔर सोध एवं अनुसंधान के माध्यम से प्रयोगशाला में होनेवाले प्रयोगों को खेत की जमीन तक पहुंचाने का काम किया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज यहां बीज अनुसंधान केन्द्र की भी स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में हर क्षेत्र में कई नई शुरूआत की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने देश के सहकारिता क्षेत्र में लगभग 62 अभूतपूर्व पहल की हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में संसद ने त्रिभुवन सहकारी युनिवर्सिटी की स्थापना के लिए विधेयक को पारित किया है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के सहकारिता क्षेत्र में त्रिभुवन दास पटेल जी के योगदान को सम्मान देते हुए उनके नाम से यह सहकारी यूनिवर्सिटी बनाई है। श्री शाह ने कहा कि यह सहकारी यूनिवर्सिटी पैक्स से लेकर एपेक्स तकसहकारिता से जुड़े हर क्षेत्र में आधुनिक कोऑपरेटिव शिक्षाऔर पारदर्शिता लाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि ये यूनिवर्सिटी, पूरे देश के सहकारिता आंदोलन को **AI** जैसी आधुनिक तकनीक के उपयोग के साथ अनेक प्रकार के विश्लेषण और उनके आधार पर अगले 50 वर्षों की दिशा तय करने का काम करेगी। इफको, कंडला, कलोल, फूलपुर, आंवला औरपारादीप में तीन राज्यों में पांच स्थानों पर इफको का उत्पादन होता हैऔर हम खाद के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गए हैं। शाह ने कहा कि आज खाद उत्पादन क्षमता 90 लाख मीट्रिक टन है, बिक्री 110 लाख मीट्रिक टन है, टर्नओवर 40 हजार करोड़ रूपये है और 3200 करोड़ रूपए का मुनाफा हुआ है।

उलझे ग्रामीण, पांच गिरफ्तार

# सरकारी जमीन से आंबेडकर व बुद्ध की मूर्तियां हटाने पर विवाद



एजेंसी ▸▸ सीतापुर


सीतापुर जिले एक गांव में सरकारी जमीन से डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगवान बुद्ध की मूर्तियों को हटाने को लेकर ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच हुई हिंसक झड़प में आठ पुलिसकर्मी घायल हुए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पिसावां थानाक्षेत्र के विभारापुर गांव में हुई झड़प के सिलसिले में दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गांव के लोगों ने 11 मार्च को पंचायत भवन के सामने बने चबूतरे पर आंबेडकर और महात्मा बुद्ध की मूर्तियां स्थापित की थीं। पुलिस के मुताबिक, सरकारी जमीन पर स्थापित मूर्तियों की शिकायत मिलने के बाद तहसील प्रशासन ने 12 मार्च को उन्हें हटाने के लिए नोटिस दिया हालांकि, ग्रामीणों ने इस कदम का विरोध किया और मूर्तियां नहीं हटाईं।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को महोली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान यह मामला फिर से सामने आया और उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर अमल करते हुए महोली के उपजिलाधिकारी शशिबिंद द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता पुलिस और राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ गांव पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, बुलडोजर के साथ आई टीम ने विवादित स्थल से दोनों मूर्तियां हटा दीं।

योगी ने ली सेल्फी, कहा-

# सुशासन व जन कल्याण को समर्पित है भाजपा

एजेंसी ▸▸ गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा की स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है। गोरखनाथ मंदिर परिसर में पार्टी का झंडा फहराने के अवसर पर सांसद रविकिशन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अच्युतानंद शाही, अजय श्रीवास्तव, ऋषि मोहन वर्म समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

